Regarding request for setting up of an AIIMS like Institution and Institute of Higher Education in Bharatpur-laid

श्रीमती संजना जाटव **(भरतपुर) :** मेरा संसदीय क्षेत्र भरतपुर वर्ष 2013 से एन.सी.आर. में आ गया था लेकिन एन.सी.आर. में आने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित है । मेरे क्षेत्र में कोई भी सरकार द्वारा ऐसी सुविधा नहीं दी गई जिसका लाभ आम नागरिकों को मिल सके । कोई बड़ा अस्पताल न होने के कारण भरतपुर या आसपास के गांव में कोई दुर्घटना हो जाती है तो दुर्घटना की चपेट में आये लोगों को भरतपुर में इलाज न मिलने के कारण दिल्ली लाया जाता है । रास्ता लम्बा होने के कारण लोग रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि भरतपुर में एम्स जैसी स्वास्थ्य संस्था खोली जाए जिससे समय रहते दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का इलाज हो सके और उसकी जान बच सकें । मैं सरकार से यह भी अनुरोध करती हूं कि भरतपुर शिक्षा के मामले में पिछड़ा हुआ है । यहां पर आई.टी., आई.आई.टी. जैसी संस्था तथा उच्च शिक्षा संस्थान खोले जायें जिससे जनता को लाभ मिल सके ।